**वेबसाइटः** www.bankofbaroda.in **ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान : मुंबई तारीख: 10.05.2023

**प्रेसविज्ञप्ति**

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू किया अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी

*पूरी तरह से स्वचालित प्रक्रिया के कारण तेज टर्नअराउंड समय, प्रमाणीकरण और पहुंच में आसानी और धोखाधड़ी की रोकथाम होती है*

**मुंबई, *10 मई, 2023:*** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल) की साझेदारी में अपने बड़ौदा इंस्टा प्लेटफ़ॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी (ई-बीजी) के शुभारंभ की घोषणा की जो इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से अंतर्देशीय बैंक गारंटी जारी करने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करता है। एनईएसएल भारत की पहली और एकमात्र सूचना व्यवस्था है, जो दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (आईबीसी) के प्रावधानों के तहत भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) द्वारा विनियमित है। इस शुभारंभ के साथ, बैंक ऑफ बड़ौदा इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी जारी करने वाले बैंकों के एक चुनिंदा समूह में शामिल हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी पूरे लाइफसाइकिल के तहत जारी करने, संशोधित करने और बंद करने सहित एक स्टार्ट-टू-एंड डिजिटल प्रक्रिया है जिसके परिणामस्वरूप बैंक गारंटी को जारी करने के टर्नअराउंड समय में काफी कमी आएगी तथा साथ ही अधिक सुरक्षा और आसान पहुंच भी प्राप्त होगी।

अंतर्देशीय बैंक गारंटी जारी करने की पारंपरिक कागज-आधारित प्रक्रिया में इसे जारी करने से लेकर लाभार्थी द्वारा प्राप्ति तक, इसको निष्पादित करने में प्रायः कुछ दिन का समय लगता है। इसके अलावा, एक केंद्रीय रिपॉजिटरी के ना होने से, बीजी की स्थिति को सत्यापित करना मुश्किल है और इसके दुरुपयोग होने की भी संभावना होती है।

ई-बीजी में, भौतिक मुद्रांकन को एनईएसएल के माध्यम से ई-मुद्रांकन के साथ प्रतिस्थापित किया जाता है, जिससे धोखाधड़ी को रोका जा सकता है। ई-बीजी को एक केंद्रीय रिपॉजिटरी में जमा रखा जाता है जिसके परिणामस्वरूप सभी हितधारकों के लिए पूर्ण पारदर्शिता और पहुंच के साथ-साथ प्रमाणीकरण और सत्यापन में आसानी होती है। इसके अलावा, एक पारंपरिक बीजी के मामले में औसत 2-3 दिनों के टीएटी के मुकाबले, एक इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी को मिनटों में संसाधित और सुपुर्द कर दिया जाता है।

**श्री टी. एन. सुरेश, महाप्रबंधक, प्रमुख - विदेशी मुद्रा और शुल्क आय, बैंक ऑफ बड़ौदा** ने बताया, "इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी एक परिवर्तनकारी सुविधा है जिसके माध्यम से हम अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग को सरल, अधिक सुरक्षित और आसानी से सुलभ बनाने की कोशिश करते हैं। व्यक्तिगत ठेकेदार, एसएमई और बड़े कॉर्पोरेट बैंक गारंटी के लिए प्रमुख आवेदक होते हैं और एक त्वरित, सहज, पारदर्शी और पूरी तरह से सुरक्षित प्रक्रिया वाली ई-बीजी का इस्तेमाल उनके लिए लाभकारी होगा।"

**एनईएसएल के एमडी और सीईओ श्री देबज्योति रे चौधरी** ने कहा, "पिछले कुछ सालों में, भारत ने एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार किया है और यह अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में विकास को गति प्रदान कर रहा है। सामान्य रूप से बैंकिंग उद्योग और विशेष रूप से बीओबी अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं को डिजिटल तरीके से उपलब्ध कराने में सबसे आगे रहा है। एनईएसएल का ई-बीजी डिजिटल उत्पाद के रूप में बैंकिंग उद्योग की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करेगा और ई-बीजी जारी करने की भौतिक प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों का समाधान उपलब्ध कराएगा। हमने इस उत्पाद की संकल्पना से लेकर शुभारंभ

तक अपने सदस्यों के साथ कई बार विचार-विमर्श किए। हम हर तरह के समन्वय और सहयोग के लिए भारतीय बैंक संघ के आभारी हैं।"

नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल) इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से अंतर्देशीय बीजी जारी करने के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। ई-बीजी के अंतर्गत डिजिटल चरणों में बीजी एप्लिकेशन, पूर्वावलोकन और पुष्टि, पेपरलेस ई-स्टांपिंग, ई-हस्ताक्षर, एनईएसएल पोर्टल पर फाइनल इलेक्ट्रॉनिक बीजी को प्रदर्शित करना और लाभार्थी को फाइनल बीजी की सूचना देना शामिल है। लाभार्थी जारी होने के तुरंत बाद एनईएसएल पोर्टल पर फाइनल डिजिटल बीजी देख सकता है। इस तरह की ई-बीजी के कारण बीजी जारी करने वाले बैंक द्वारा प्रमाणीकरण की आवश्यकता नहीं रहेगी।

**About Bank of Baroda**

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of over 150 million through over 46,000 touchpoints spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank's bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instills a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For media queries, please contact:**

Bank of Baroda contact: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations - Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com